# **अटल भूजल योजना की 7वीं एनएलएससी बैठक दिनांक 16 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित की गई**

अटल भूजल योजना के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्तरीय संचालन समिति (एनएलएससी) की सातवीं बैठक दिनांक 16 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में सचिव, डीओडब्ल्यूआर, आरडी एवं जीआर, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित की गई । इस बैठक में सचिव, डीडीडब्ल्यूएस, जल शक्ति मंत्रालय, अपर सचिव (ए, आईसी और जीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय परियोजना समन्वयक, अटल भूजल योजना, एनएलएससी के सदस्य, विभिन्न मंत्रालयों / विभागों के प्रतिनिधि, भाग लेने वाले राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी, विश्व बैंक और एनपीएमयू के अधिकारी बैठक में शामिल हुए ।

अपर सचिव (ए, आईसी और जीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय परियोजना समन्वयक, अटल भूजल योजना ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में इस बात पर प्रकाश डाला कि योजना कार्यान्वयन के पांचवें वर्ष में है और अब समय आ गया है कि अटल जल क्षेत्र में योजना के प्रभाव को अन्य क्षेत्रों में भी बढ़ाया जाए । उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पिछले चार वर्षों में इस योजना के तहत राज्यों द्वारा कई पहल की गई हैं और राज्यों को अब आंकड़ों का विश्लेषण करने और जमीनी स्तर पर गतिविधियों के प्रभाव और योजना के समग्र प्रभाव का आकलन करने की आवश्यकता है ।

सचिव, डीओडब्ल्यूआर, आरडी एवं जीआर ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में इस बात पर प्रकाश डाला कि अटल भूजल योजना एक अनूठी और पायलट योजना है और इसमे समुदायों को सफलतापूर्वक शामिल किया गया है और उनकी जागरूकता की दिशा में काम किया है । उन्होंने अटल जल योजना मे भाग लेने वाले राज्यों को अपने राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में गतिविधियों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया । उन्होंने अटल जल क्षेत्रों के परिदृश्यों की तुलना गैर-अटल जल क्षेत्रों से करने और अटल जल के प्रभाव का आकलन करने की सलाह दी । उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अटल जल प्रोत्साहन एक बंधनमुक्त निधि है और इसका उपयोग संबंधित विभागों की नियमित गतिविधियों के अलावा विभिन्न गतिविधियों के लिए किया जा सकता है अथवा इसका उपयोग नवीन प्रौद्योगिकियों/गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए किया जाना चाहिए, जिन्हें सफलता के आधार पर मुख्यधारा में लाया जा सकता है ।

समिति ने योजना की समग्र प्रगति की समीक्षा की और योजना के तहत उत्पन्न किए जा रहे विशाल डेटा का उपयोग और सार्थक विश्लेषण करने की सलाह दी जिससे कि राज्यों के उच्च अधिकारियों द्वारा निर्णय लिया जा सके । एनएलएससी बैठक के बाद भाग लेने वाले सभी राज्यों ने क्रॉस लर्निंग और अन्य राज्यों की प्रमुख अंतर्दृष्टि के लिए अपने- अपने राज्य में योजना के प्रभावों को प्रस्तुत किया ।

विश्व बैंक के टास्क टीम लीडर द्वारा सात राज्यों के विश्व बैंक समीक्षा मिशन के निष्कर्ष भी प्रस्तुत किए गए। सभी भाग लेने वाले राज्यों में योजना की कमियों और संबंधित चिंताओं पर प्रकाश डाला गया जिससे योजना के समग्र सुधार के लिए प्रभावी कार्यान्वयन किया जा सके ।

अध्यक्ष को धन्यवाद देकर बैठक संपन्न हुई।







*अटल भूजल योजना की 7 वीं राष्ट्रीय स्तरीय संचालन समिति की बैठक*



*सुश्री देबाश्री मुखर्जी, सचिव, डीओडब्ल्यूआर, आरडी एवं जीआर, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, 7 वीं NLSC बैठक के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए*




*श्री सुबोध यादव, अपर सचिव (प्रशासन, आईसी एंड जीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय परियोजना समन्वयक, अटल भूजल योजना, 7 वीं एनएलएससी बैठक के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए*